## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक- 19.10.2025**

- **थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के आभूषण व नकदी सहित अन्य सामान बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दिनांक 16.10.2025 को थाना रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 438/2025 धारा 305 बीएनएस बनाम आनन्द पाल पुत्र जगत सिंह निवासी वार्ड नम्बर 07 सिंहपुर, झींझक, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 19.10.2025 को अभियुक्तगण 01. आनन्द पाल पुत्र जगत सिंह, 02. प्रिंश कश्यप पुत्र राजेश कश्यप निवासीगण वार्ड नम्बर 07 सिंहपुर, झींझक, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात को **समय 11.30 बजे,** बनीपारा तिराहा कहिंजरी **थाना रसूलाबाद कानपुर देहात** से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी किये गये 1,50,000 रुपये, पीली धातु के आभूषण व एक घड़ी आदि बरामद हुए। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बी.एन.एस. की बढोत्तरी की गयी है तथा अभियुक्त प्रिंश कश्यप उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –**

1. आनन्द पाल पुत्र जगत सिंह, उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 07 सिंहपुर, झींझक, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात।
2. प्रिंश कश्यप पुत्र राजेश कश्यप, उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 07 सिंहपुर, झींझक, थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात।

**बरामदगी का विवरण-**

1,50,000 रुपये नकद, एक बटुआ में 02 कंगन पीली धातु की, 01 अंगूठी पीली धातु की व एक घड़ी एवं 01 लेडीज पर्स।

**अभियुक्तगण का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 0438/2025 धारा 305/317(2) बी.एन.एस थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

थाना रसूलाबाद पुलिस